## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (24.08.2024)

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 24.08.2024, PAGE-04**

### 23 सितंबर को सीनेट सदस्यों के चयन के लिए होगा मतदान, 25 को आएगा रिजल्ट

# 12 वर्षों बाद सीनेट सदस्यों के चुनाव की अधिसूचना हुई जारी, 27 से नामांकन

- 30 तक नामांकन, 31 को होगी स्क्रूटनी, तीन को जारी की जाएगी उम्मीदवारों की फाइनल सूची

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने सीनेट के चुनाव को लेकर 12 वर्षों के बाद तैयारियां तैयारी कर दी है. तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कुलानुशासक प्रो बीएस राय ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी.

बताया कि सीनेट के सदस्यों के चुनाव को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. 27 से 30 अगस्त तक नामांकन होगा. 31 को प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटिनी की जाएगी और दो सितंबर को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे. इसके बाद तीन सितंबर को शेष उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी. बैलेट बॉक्स के माध्यम से 23 सितंबर को चुनाव होगा. 25 सितंबर को इसका परिणाम जारी किया जाएगा. 14 जिलों में कुल 15 सदस्यों के चयन को लेकर यह चुनाव होगा. तीन समूह में चुनाव आयोजित होंगे.

समूह ए में विवि के सभी पीजी विभाग, समूह बी में सभी अंगीभूत कॉलेज व समूह सी में सभी टेक्निकल, मेडिकल व लॉ कॉलेज के शिक्षक वोटर होंगे. विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर चुनाव से जुड़ी सभी जानकारी अपलोड कर दी गयी है. प्रेस वार्ता के दौरान आइक्यूएसी निदेशक डॉ कल्याण झा, डॉ अमर बहादुर शुक्ला व डॉ सुशांत मौजूद रहे.

**रजिस्ट्रार होंगी रिटर्निंग ऑफिसर, वहीं होगा नामांकन** : सीनेट सदस्यों के चुनाव को लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय में सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तक नामांकन पर्चा भरा जाएगा. इसको लेकर रजिस्ट्रार रिटर्निंग ऑफिसर होंगी. मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, मोतिहारी, बेतिया, छपरा, दरभंगा व पटना में 23 सितंबर को सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक वोट डाले जाएंगे. वहीं अधिक दूरी के कारण गया, सिवान, नालंदा, कटिहार, सहरसा, भागलपुर में 23 सितंबर को 10.30 से एक बजे तक मतदान होगा.

विवि के पूर्व कुलानुशासक डॉ अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रुप ए में विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से कुल तीन सदस्यों का चुनाव होगा. इसमें एक एससी, एक एसटी और एक उम्मीदवार सामान्य कोटि से चुने जाएंगे. ग्रुप बी में अंगीभूत कालेजों से कुल नौ प्रतिनिधियों का चुनाव होगा. इसमें एक एससी, एक एसटी, दो ओबीसी और पांच सामान्य वर्ग से प्रतिनिधि चुने जाएंगे. इसी प्रकार वहीं ग्रुप सी में तकनीकी, मेडिकल और लॉ कॉलेजों से कुल तीन प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा. इसमें एक ओबीसी और दो सामान्य कोटि के दो शिक्षक प्रतिनिधियों निर्वाचित होंगे. बताया कि सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों का चुनाव तीन वर्षों के लिए किया जाएगा. कुलानुशासक प्रो.बीएस राय ने बताया कि इस चुनाव में कुल 2055 शिक्षक मतदाता होंगे. वोटर लिस्ट का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है. पीजी विभागों में कुल 96, 42 अंगीभूत कालेजों में कुल 558 और ग्रुप सी में टेक्निकल, मेडिकल और लॉ कॉलेजों से 1401 शिक्षक चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे.



विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी देते कुलानुशासक प्रो .बीएस राय व अन्य .

### नामांकन के लिए लाने होंगे ये कागजात

सीनेट सदस्य के चुनाव के लिए नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से जारी लिस्ट में से ही शिक्षक उम्मीदवार हो सकते हैं . उम्मीदवारों को नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की ओर से जारी आइ कार्ड, योगदान पत्र और आधार कार्ड के साथ ही यदि आरक्षित कोटि से आएंगे तो जाति प्रमाणपत्र लाना होगा . रजिस्ट्रार कार्यालय में ही नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी .

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.08.2024, PAGE-06**

### 25 सितंबर को जारी होगा रिजल्ट, 2055 शिक्षक 15 सीटों के लिए डालेंगे वोट

# विवि में 12 वर्ष बाद सीनेट का चुनाव, 23 सितंबर को वोटिंग

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में 12 वर्ष बाद सीनेट का चुनाव 23 सितंबर को होगा। यह जानकारी विवि के प्रॉक्टर और मीडिया सेल के अध्यक्ष प्रो. विनय शंकर राय ने दी। उन्होंने बताया कि 27 से 30 अगस्त तक सीनेट चुनाव के लिए नामांकन होगा। 31 को स्क्रूटनी होगी। स्क्रूटनी के बाद दो सितंबर को सूची जारी की जाएगी। मतों की गिनती 25 सितंबर को होगी।

प्रो. राय ने बताया कि रजिस्ट्रार को चुनाव का निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। सीनेट में 15 सीटों के लिए चुनाव होने हैं। 2055 शिक्षक वोट डालेंगे। काउंटिंग 25 सितंबर को होगी। उसी दिन रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा। वर्ष 2012 के बाद विवि में सीनेट का चुनाव नहीं हुआ था। विवि मीडिया सेल के समन्वयक प्रो. कल्याण कुमार झा ने बताया कि नैक मूल्यांकन के लिए सीनेट का चुनाव जरूरी है। चुनाव कमेटी के अध्यक्ष प्रो. अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव 14 जिलों में होगा। चुनाव के लिए विवि के वोटरों को तीन भागों में बांटा गया है। पहले भाग में पीजी विभाग, दूसरे में अंगीभूत कॉलेज और तीसरे में सभी संबद्ध कॉलेजों को शामिल किया गया है। पीजी विभाग में 96 शिक्षक वोटर हैं। अंगीभूत कॉलेजों में 558 और संबद्ध कॉलेजों में 1401 शिक्षक वोटर हैं। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी के शिक्षक तीन सदस्यों का चुनाव करेंगे। इनमें एसटी, एससी और सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार होंगे। अंगीभूत कॉलेज के शिक्षक नौ सदस्यों का चुनाव करेंगे, जिनमें एक एससी, एक एसटी, दो ओबीसी और पांच सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार होंगे। संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक तीन सदस्यों का चुनाव करेंगे। इनमें एक ओबीसी और दो सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार होंगे।



शुक्रवार को सिनेट चुनाव की जानकारी देते विश्वविद्यालय के अधिकारी।

### सीनेट के बाद सिंडिकेट का होगा चुनाव

नामांकन रजिस्ट्रार कार्यालय में सुबह 10.30 बजे से 4.30 बजे तक होगा। स्क्रूटनी सुबह 10.30 से 2 बजे तक होगी। दूर के जिलों के कॉलेजों में सुबह 9 से 1 बजे तक वोट डाले जाएंगे और नजदीक के जिले में सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक मतदान होगा। सीनेट के बाद सिंडिकेट के साथ-साथ वित्त समिति और एकेडमिक काउंसिलिंग का भी चुनाव होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
### PIN-842001 (BIHAR)
**Website:- www.brabu.ac.in**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 24.08.2024, PAGE-04**

23 सितंबर को सीनेट सदस्यों के चयन के लिए होगा मतदान, 25 को आएगा रिजल्ट

# 12 वर्षों बाद सीनेट सदस्यों के चुनाव की अधिसूचना हुई जारी, 27 से नामांकन

- 30 तक नामांकन, 31 को होगी स्क्रूटनी, तीन को जारी की जाएगी उम्मीदवारों की फाइनल सूची

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू ने सीनेट के चुनाव को लेकर 12 वर्षों के बाद तैयारियां तैयारी कर दी हैं. तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कुलानुशासक प्रो बीएस राय ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी.

बताया कि सीनेट के सदस्यों के चुनाव को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. 27 से 30 अगस्त तक नामांकन होगा. 31 को प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटिनी की जाएगी और दो सितंबर को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे. इसके बाद तीन सितंबर को शेष उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी. बैलेट बॉक्स के माध्यम से 23 सितंबर को चुनाव होगा. 25 सितंबर को इसका परिणाम जारी किया जाएगा. 14 जिलों में कुल 15 सदस्यों के चयन को लेकर यह चुनाव होगा. तीन समूह में चुनाव आयोजित होंगे.

समूह ए में विवि के सभी पीजी विभाग, समूह बी में सभी अंगीभूत कॉलेज व समूह सी में सभी टेक्निकल, मेडिकल व लॉ कॉलेज के शिक्षक वोटर होंगे. विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर चुनाव से जुड़ी सभी जानकारी अपलोड कर दी गयी है. प्रेस वार्ता के दौरान आइक्यूएसी निदेशक डॉ कल्याण झा, डॉ अमर बहादुर शुक्ला व डॉ सुशांत मौजूद रहे.



विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी देते कुलानुशासक प्रो.बीएस राय व अन्य.

## नामांकन के लिए लाने होंगे ये कागजात

सीनेट सदस्य के चुनाव के लिए नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से जारी लिस्ट में से ही शिक्षक उम्मीदवार हो सकते हैं. उम्मीदवारों को नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की ओर से जारी आइ कार्ड, योगदान पत्र और आधार कार्ड के साथ ही यदि आरक्षित कोटि से आएंगे तो जाति प्रमाणपत्र लाना होगा. रजिस्ट्रार कार्यालय मे ही नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी.

**रजिस्ट्रार होंगी रिटर्निंग ऑफिसर, वहीं होगा नामांकन :** सीनेट सदस्यों के चुनाव को लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय में सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तक नामांकन पर्चा भरा जाएगा. इसको लेकर रजिस्ट्रार रिटर्निंग ऑफिसर होंगी. मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, मोतिहारी, बेतिया, छपरा, दरभंगा व पटना में 23 सितंबर को सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक वोट डाले जाएंगे. वहीं अधिक दूरी के कारण गया, सिवान, नालंदा, कटिहार, सहरसा, भागलपुर में 23 सितंबर को 10.30 से एक बजे तक मतदान होगा.

विवि के पूर्व कुलानुशासक डॉ अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रुप ए में विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से कुल तीन सदस्यों का चुनाव होगा. इसमें एक एससी, एक एसटी और एक उम्मीदवार सामान्य कोटि से चुने जाएंगे. ग्रुप बी में अंगीभूत कालेजों से कुल नौ प्रतिनिधियों का चुनाव होगा. इसमें एक एससी, एक एसटी, दो ओबीसी और पांच सामान्य वर्ग से प्रतिनिधि चुने जाएंगे. इसी प्रकार वहीं ग्रुप सी में तकनीकी, मेडिकल और लॉ कॉलेजों से कुल तीन प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा. इसमें एक ओबीसी और दो सामान्य कोटि के दो शिक्षक प्रतिनिधियों निर्वाचित होंगे. बताया कि सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों का चुनाव तीन वर्षों के लिए किया जाएगा. कुलानुशासक प्रो.बीएस राय ने बताया कि इस चुनाव में कुल 2055 शिक्षक मतदाता होंगे. वोटर लिस्ट का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है. पीजी विभागों में कुल 96, 42 अंगीभूत कालेजों में कुल 558 और ग्रुप सी में टेक्निकल, मेडिकल और लॉ कॉलेजों से 1401 शिक्षक चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे.